# सात साइबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर सात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी पुलिस ऑफिस एसपी दीपक कुमार शर्मा ने 5 अगस्त को प्रेस वार्ता कर दी. उन्होंने बताया कि गिरिडीह पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी इस क्षेत्र में साइबर ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं. इसी सूचना पर दो टीमों का गठन किया गया जिसका नेतृत्व साइबर डीएसपी कर रहे थे, जबकि दूसरी टीम का नेतृत्व सदर डीएसपी कर रहे थे. दोनो टीमों ने बीती रात अलग अलग क्षेत्रों में छापेमारी की. एसपी ने बताया कि बेंगाबाद थाना से चार साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है. इनमें बासजोर के 19 वर्षीय राहुल कुमार मंडल, जुड़पनिया के 27 वर्षीय प्रकाश



कुमार मंडल, फुरसोडीह के 29 वर्षीय फागु उर्फ राजेश मंडल, जबकि चौथा लुप्पी के 22 वर्षीय अशोक कुमार मंडल शामिल है. इन सभी के पास से पुलिस ने 14 मोबाइल, 17 सीमा कार्ड, 01 पावर बैंक, 03 बाइक, 02 एटीएम कार्ड व 2500 रुपये नगद बरामद किया गया है. एसपी ने बताया कि इसके अलावा महेशपुर से तीन साइबर अपराधी की भी गिरफ्तारी की गई है. जिसमें श्रवण राय, संतोष राय व टिंकू राय शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 07 मोबाइल, 10 सीम, 01 पावर बैंक, 01 बाइक की बरामदगी की गई है. उन्होंने कहा कि जिसमें कई महंगे फोन शामिल हैं. एसपी कहा कि आई फोन का इस्तेमाल करके ये अपराधी साइबर फोर्ड का काम किया करते थे. उन्होंने बताया कि सभी अपराधियों से पूछताछ के क्रम में यह पता चला है कि इनका फ्रॉड करने का जो तरीका का था वो सभी अपने आप को राम फाइनेंस का कर्मी बताकर लोन लेने के नाम पर ठगी करते थे तो कभी अपने को स्वास्थय कर्मी बताकर वैसे महिलाओं से ठगी करते थे जिनका हाल में नवजात शिशु जन्म लिया हो. वही पत्रकारों द्वारा और मामलों पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि गिरिडीह पुलिस पिछले कुछ दिनों से पूरे क्षेत्रों में विशेष अभियान चला रही है और जल्द ही और भी कांडों में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी.

## आदिवासी महिला के साथ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

धनबाद। पुलिस ने हंसागोड़ा के आदिवासी महिला के साथ दुराचार के आरोपी को शुक्रवार 4 अगस्त की रात उसके घर करमाटांड़ से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी एक ऑटो चालक है. आरोपी की गिरफ़्तारी की जानकारी नव प्रोन्नत आईपीएस सह धनबाद 2 के डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने टुंडी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुजूर के कक्ष में शनिवार 5 अगस्त को पत्रकारों को दी. डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला के साथ ऑटो में आने-जाने के क्रम में ऑटो चालक शोएब अंसारी उर्फ गुड्डू अंसारी उर्फ तेजू से परिचय हुआ था. बाद में महिला को उसी ऑटो चालक ने एक मोबाइल फोन भी दिया. घटना के दिन 2 अगस्त को गुड्डू ने फोन कर महिला से पूछा कि कहां हो. महिला ने बताया कि वो तारजोरी जंगल में मवेशी चरा रही है. कुछ देर बाद वह भी जंगल पहुंच गया. इसी बीच कुछ लोगों नें उन दोनो को संदिग्ध अवस्था में देख लिया. घटना की जानकारी जब ग्रामीणों को मिली तो दोनो आरोपी को पकड़ कर पंचायत की बैठक में लाया गया. आरोपी गुड्डू के परिजनों को भी बुलाया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी के परिजन बड़ी संख्या में पहुंचकर मारपीट शुरू कर दी और मुख्य आरोपी को छुड़ाकर ले गए. घटना के बाद पीड़ित महिला का भाई ने टुंडी थाना में आवेदन देकर बताया कि उसकी बहन के साथ दुराचार हुआ और पंचायत के दौरान मारपीट की गई. इस पर प्राथमिकी दर्ज कर ताबड़तोड़ छापामारी शुरू की गई. शुक्रवार को पीड़ित महिला का कोर्ट में 164 के तहत बयान दर्ज. कराया गया. बयान के बाद मेडिकल भी हुआ. शुक्रवार को केस के आईओ रोहित रजक पीड़िता को लेकर बयान कराने कोर्ट गए थे. उसी रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी घर पर ही है. पुलिस ने जाल बिछाकर मुख्य आरोपी गुडू उर्फ शोएब को गिरफ्तार कर लिया.

## ऊपरघाट में 14 योजनाओं का सांसद ने किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट के नौ पंचायतों में 5 अगस्त को गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने 14 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया. मौके पर उन्होंने कहा कि आजसू के पास विकास का विजन है. विजन के अनुरूप वे संसदीय क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल में उतार रहे हैं. सावन के पवित्र माह में कई ऐसे धर्मस्थल पर योजनाओं को मुर्तरूप दिया जा रहा है, जिसकी ग्रामीण सदियों से मांग कर रहे थे. सांसद मद के कंजकिरो पंचायत के दशवारी में चबुतरा, पिपराडीह के बागीटोला में सोलर संचालित डीप बोरिंग, काच्छो पंचायत के कोरियाबेड़ा में पीसीसी पथ, नदी तट पर छठघाट, गोनियांटो पंचायत के डिहवा में पीसीसी पथ, गोनियापत्थर देवता स्थल में दीवार निर्माण, बरई पंचायत के झरना टोला स्थित तालाब में स्नान घाट, क्रिकेट मैदान में चबुतरा शेड, पलामू पंचायत के धर्मस्थल में चहारदिवारी निर्माण, पोखरिया पंचायत के बेलरगढ़ा-राजाबांध में स्नानघाट, मुंगो-रंगामाटी पंचायत के कोठी-कशियाटांड में पीसीसी पथ निर्माण व पेंक पंचायत में बुढ़ीबागी शिव मंदिर-गोहारबांध में स्नानघाट का शिलान्यास व रोहनियाटांड में 1000 फीट नाली निर्माण कार्य का सांसद ने आधारशिला रखी. कार्यक्रम में यशोदा देवी, टिकैत कुमार महतो, दीपक कुमार महतो, दीपक यादव, जगरनाथ महतो, सीताराम महतो, दीप्पू अग्रवाल, सुरेश कुमार महतो, जयलाल महतो, बॉबी पटेल, मिसरीलाल महतो आदि शामिल थे.

## यूसिल जादूगोड़ा के सीएमडी कोर्ट में हुए हाजिर, मिली बेल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जादूगोड़ा स्थित यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (यूसिल) के सीएमडी सीके असनानी शनिवार को जमशेदपुर न्यायालय में न्यायिक दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार की अदालत में पेश हुए. एक दवा सप्लायर द्वारा श्री असनानी समेत तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करायी गयी थी. इसी के मद्देनजर श्री असनानी ने जमानत याचिका दायर की थी. अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए जमानत मंजूर कर ली. वहीं दो आरोपी अदालत के समक्ष हाजिर नहीं हुए. जानकारी के अनुसार यूसिल की ओर से विकास ड्रग हाउस को 51 दवाइयों की आपूर्ति करने का ऑर्डर दिया गया था. उसके बाद 48 दवाइयों की आपूर्ति की गयी. यह पूरा मामला 74 लाख रुपये का बताया जाता है, जिसमें 8 लाख 20 हजार 295 रुपये का भुगतान नहीं किया गया था. बताया जाता है कि कंपनी के द्वारा भुगतान करने में टालमटोल की जा रही थी. इसके बाद सप्लायर के द्वारा कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था.

## कोडरमा डीसी ने बिरहोर परिवार का सर्वे करवाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज को जनता दरबार के माध्यम से जिले के बिरहोरों के समस्याओं से वे अवगत होती रही हैं।आज उन्होंने मामलों पर संज्ञान लेते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी नील सरोज कुजूर एवं नगर परिषद तिलैया के कार्यपालक पदाधिकारी विनीत कुमार को तिलैया के वार्ड नम्बर एक और दो में भेजकर बिरहोर जनजाति के समस्याओं के समाधान करने के लिए प्रतिवेदन बनाने का निदेश दिया ताकि उनपर विचार कर त्वरित समाधान किया जा सके। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के आदेश के आलोक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी और जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा वहां के सभी बिरहोर परिवार के घर घर सर्वे कर सर्वप्रथम उनको आबंटित आवासों की जानकारी प्राप्त की गयी।साथ ही उनको आश्वश्त किया गया कि जिन परिवार के पास आवास नही है उनको जल्द ही आवास दिलाने के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उनको सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के लाभ की भी जानकारी ली गयी तथा उनसे कहा गया कि अगर कोई लाभ से छूटे हुए हों तो उनको भी सरकार

### पेड़ पर चढ़कर फंदे से झूल गया अर्धविक्षिप्त, मौत

**गिरिडीह।** धनवार थाना अंतर्गत खड़हरा गांव में 5 अगस्त की रात करीब 35 वर्षीय अर्धविक्षिप्त युवक रामेश्वर साहू पेड़ पर चढ़कर फंदे से झूल गया. जानकारी के अनुसार फंदे से थोड़ी देर झूलने के बाद रस्सी टूट गई और ऊंचाई से गिरने के कारण वह बुरी तरह घायल हो गया. हालांकि परिजन जब तक दौड़ कर आते तब तक उसकी मौत हो गई थी. तत्काल उसे स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया पर चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर पहुंची धनवार पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. सदर अस्पताल में मृतक के जीजा धनेश्वर साह ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद रामेश्वर कमरे में सोने चला गया. रात करीब 11:00 बजे के बाद वह कमरे से कब बाहर निकला किसी को पता नहीं. कटहल के पेड़ से कुछ गिरने की आवाज पर घरवाले दौड़ कर बाहर निकले. परिजनों ने बताया कि रामेश्वर के गले में रस्सी बांधी थी और वह पेड़ के नीचे गिरा था. मृतक स्वर्गीय जानकी साहू का पुत्र था. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. मृतक की तीन पुत्रियां है.

### एडीजी नवीन सिंह की मां से दिनदहाड़े चेन छिनतई

**धनबाद।** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित नीलांचल कॉलोनी में बाइक सवार अपराधियों ने एडीजी नवीन सिंह की मां से दिनदहाड़े चेन छिनतई की. घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गये. जानकारी के अनुसार, एडीजी नवीन सिंह की मां विमला देवी शनिवार सुबह करीब 10 बजे निलांचल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पूजा करने गयी थी. वापस लौटने के क्रम में पहले से घात लगाये बाइक सवार अपराधियों ने उनके घर से ठीक पहले पीछे से आकर गले की चेन छीनी और वहां से भाग गये. विमला देवी के अनुसार, दो बाइक सवार अपराधियों ने चेन छिनतई की. इधर घटना की सूचना मिलते ही सरायढेला थाना प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ एडीजी के घर पहुंचे. उन्होंने एडीजी नवीन सिंह की मां विमला देवी से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली.

### मकतपुर में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के खोरीमहुआ अनुमंडल अंतर्गत घोड़थंभा ओपी क्षेत्र के मकतपुर गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में पाये जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. मृतका की पहचान मकतपुर गांव निवासी दिनेश राणा की पत्नी सोनी देवी (33 वर्ष) के रूप में की गई. विवाहिता का शव उसके ससुराल में घर के आंगन में चारपाई में पाया गया. शव पर सबसे पहले मृतका के बच्चों की नजर पड़ी. घटना के बाद बच्चों ने आसपास के लोगों और पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया. इधर घटना के बाद मृतका के ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं. मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों के ऊपर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया है.

### तांतनगर : लूटकांड मामले का फरार आरोपी 32 साल बाद धराया, भेजा गया जेल

**जमशेदपुर।** मंझारी पुलिस ने लूटकांड के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार वर्ष 1991 में मंझारी थाना क्षेत्र स्थित पंगा गांव के पास एक लूट की घटना घटी थी. इस मामले में कुशो पान उर्फ कुशो पात्रो (55) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. घटना के बाद से वह फरार चल रहा था. पुलिस ने उसे गुप्त सुचना के आधार पर घटना के 32 साल बाद घर से गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी कुशो पान लूटकांड का आरोपी है.

### पुलिस ने बालू खनन में लगे दो ट्रैक्टर को पकड़ा

**चाईबासा।** तांतनगर ओपी पुलिस ने क्षेत्र में बालू खनन के खिलाफ अभियान चलाया. इससे बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है. ओपी प्रभारी राहुल कुमार राम के नेतृत्व में शनिवार को अभियान चलाया गया. सासे स्थिति तोरलो नदी पर बालू खनन करते दो ट्रैक्टर की हवा खोल दी गई. बता दें कि अभियान के दौरान पुलिस को देखते ही बालू खनन में लगे ट्रैक्टर चालक व मजदूर भाग खड़े हो गए. चालक के भागने से पुलिस ट्रैक्टर को थाना नहीं ले जा सकी तो दोनों ट्रैक्टर की हवा खोल दी गई. अचानक अभियान चलाया जाने से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया. ज्ञात हो कि तांतनगर प्रखंड बालू के लिए जिला विख्यात है.

### भाजपा नेता के पुत्र का हुआ अंतिम संस्कार

**चाईबासा।** चांडिल के शहरबेड़ा में शुक्रवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में मृत भाजपा नेता बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा उर्फ चीकू का शनिवार को आदिवासी रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया गया. अंतिम संस्कार के लिए पार्वती घाट पर काफी संख्या में लोग पहुंचे थे. इससे पूर्व शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए आम से लेकर खास तक भाजपा नेता बास्को बेसरा के पैतृक आवास सीतारामपुर स्थित लखनडीह में जुटे और परिवार को ढांढस बंधाया. शव गांव पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई, परिवार के लोग दहाड़ मार कर रो रहे थे. गांव का माहौल गमगीन था. सांत्वना देने पहुंचने वालों में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, भाजपा नेता सह आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व मेयर विनोद कुमार श्रीवास्तव, भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली, रमेश हांसदा, पूर्व जिप शकुंतला महाली, भाजपा नेत्री रितिका मुखी, सनी सिंह सहित कई शामिल थे.

## धीरज साहू की भाभी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए भूषण बाड़ा और विक्सल कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी शनिवार को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू की भाभी स्व अरुणा देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर दोनों विधायकों ने दुवंगत अरुणा देवी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत के आत्मा की शांति के ईश्वर से प्रार्थना की। दोनों विधायक ने दिवंगत अरुणा देवी के परिजनों से मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही दुःख की घड़ी में ईश्वर से परिजनों को हिम्मत देने की भी प्रार्थना की।

## गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर आधा दर्जन वाहनों से लूट

**गिरिडीह।** गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग के ताराटांड़ थाना क्षेत्र में 4 अगस्त की रात अपराधियों ने कई वाहनों से लाखों की संपत्ति लूट ली. बताया जाता है कि बीती रात करीब 1 बजे 15 से 20 की संख्या में अपराधियों ने मोहलीडीह- टबरिया के पास मुख्य मार्ग पर एक पेड़ काट कर गिरा दिया. इससे रास्ता जाम हो गया. इसके बाद अपराधियों ने वहां पहुंचे आधा दर्जन वाहनों के चालकों और यात्रियों को लूट लिया. हथियारबंद अपराधियों ने यहां करीब आधा घन्टा तक जमकर उत्पात मचाया. बताया जाता है कि अपराधियों ने वाहन चालक व राहगीरों से नकदी, जेवरात, चप्पल, जूता समेत सभी सामान लूट लिए. भुक्तभोगियों ने बताया कि अपराधियों के पास हथियार भी था.

## 'मेरी मिट्टी मेरा देश'अभियान को लेकर सभी पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो ग्रामीण विकाश मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान को लेकर प्रखंड सभागार में बैठक का आयोजन बीडीओ यादव बैठा की उपस्थिति में हुई, बीडीओ ने बताया कि मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत सभी पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, यह अभियान 9 अगस्त से 13 अगस्त तक चलाया जाएगा, इस अभियान के तहत वीरों को पंचायत स्तर पर लिस्टिंग करना, एवं पंचायत स्तर पर बसुधा बन्दन , वीरों का बन्दन , ध्वजारोहण एवं राष्ट्र गान का आयोजन किया जाना है, इस



कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए 9 अगस्त से 13 अगस्त तक मेरी मिट्टी मेरा देश की जानकारी देना एवं उसके क्रियान्वयन पर कार्य करना, बीडीओ ने बताया कि शहीदों लिस्टिंग कर ग्राम सभा का आयोजन के जगह का चयन कर लिस्ट उपलब्ध कराने को कहा । इस कार्यक्रम के तहत अमृत सरोवर पर बृक्षा रोपण करना यदि नही है सरकारी स्कूल की जमीन पर बृक्षा रोपण करना किया जाना है, इस कार्यक्रम के तहत जगह का चयन कर मट्टी उठाकर कलस में संग्रह कर पंचायत से प्रखण्ड होते हुए दिल्ली तक कलस यात्रा का आयोजन किया जाना है, बैठक में सभी पंचायतो के मुखिया , पंचायत सेवक , रोजगार सेवक , एई , जेई, मनरेगा बीपीओ एवं सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


**लाभदायक**

## मानसून की पहली बारिश में जंगली मशरूम की बिक्री बढ़ी

# सभी वर्ग के लोग इसके स्वाद के कायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** मानसून के दस्तक देते हीं सारंडा जंगल समेत झारखंड के सखुआ (साल) बहुल पेड़ों के जंगल क्षेत्र में पौष्टिक गुणों से भरे प्राकृतिक वनोत्पाद रुगड़ा एवं जंगली मशरुम की उपज शुरू हो गई है. दोनों का स्वाद मांसाहारी व्यंजन जैसा तथा उसे बनाने का तरीका भी सामान होता है. सावन में नॉनवेज के विकल्प के रूप में इसे जाना जाता है. इसकी कीमत 500 से 800 रुपये प्रति किलो के आसपास होती है. सभी वर्ग व समुदाय के लोग इसके स्वाद के कायल हैं. यहीं वजह है कि रुगड़ा व मशरुम की बिक्री बढ़ गई है. रुगड़ा व मशरुम वनों में निवास करने वाले आदिवासियों व वनवासियों का आर्थिक श्रोत एवं मुख्य आहार भी है. इसे बेच वह अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं. रुगड़ा व मशरूम मानसून की पहली बारिश के साथ हीं जंगलों में मिलने लगते है. लेकिन जिस तरह से जंगल में आग लगाई जा रही है, इससे इसके उपज में भारी कमी आयी है. इससे वनवासियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. बता दे कि जंगल में सखुआ समेत अन्य पेड़-पौधों के पत्ते जब वर्षा का पानी गिरने से सड़ते हैं तब रुगड़ा व मशरुम निकलते है. जबकि डंडी मशरूम जिसे सबसे ज्यादा लोग पसंद करते हैं, वह दीमक द्वारा बनाये गये मिट्टी के घरौंदा में वर्षा का पानी गिरने से निकलता है. लेकिन जंगल के पत्तों में आग लगने से इसकी उपज काफी कम हो गई है. जंगल में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर जमीन में हल्की सी उठी रुगड़ा नजर आ रहा है. जिसे नुकिली लकड़ी से हल्का खोद कर निकाला जाता है. रुगड़ा सामान्यतः दो प्रकार के होते है, सफेद और काला. इसमें काला रुगड़ा का टेस्ट सबसे अच्छा होता है. रुगड़ा और जंगली मशरूम में उच्च कोटि का प्रोटीन, विटामिन, लवण, कैल्शियम, फास्फोरस, पोटैशियम आदि पाया जाता है जो शरीर के प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते है.





# बचपन प्ले स्कूल में मना दीक्षांत समारोह




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** तिलैया स्थित , बचपन प्ले स्कूल अ युनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में शिक्षा को बेहतरीन प्रेरणा के लिए यूकेजी के बच्चों को दिया गया दीक्षांत। दीक्षांत समारोह की शुरूआत विशिष्ट अतिथि गण के रूप में श्रीमती रश्मि शक्लानी अध्यक्ष, महिला क्लब सैनिक स्कूल, तिलैया, श्रीमती लालजामलियानी खआव्लहरिंग उपाध्यक्ष, महिला क्लब सैनिक स्कूल, तिलैया, स्कूल के निदेशक श्री अविनाश सेठ, श्री कपसिमे, निदेषिका महोदया श्रीमती सुनीता सेठ, श्रीमती शुभा कपसिमे, सीओओ, ग्रिजली, श्री तनिष्क सेठ, बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्या नीरजा, दीपक कुमार जूनियर इंजीनियर ,मैकेनिकल, ने दीप प्रज्वलित करके की। दीक्षांत समारोह छात्रों की बचपन स्कूल के साथ उनकी शैक्षणिक यात्रा की समाप्ति तथा ग्रिजली पब्लिक स्कूल में उनकी शुरूआत का जश्न मनाया गया। विद्यालय ने दीक्षांत समारोह मनाकर एक उत्सव समारोह को संदर्भित किया है। कक्षा में बच्चों के अलग-अलग प्रदर्शन के अनुसार उनके जीवन को प्रेरणा एवं उत्साह को बढ़ाने के लिए अनेकों तरह के प्रमाण पत्रों से सम्मानित किए गए। इस समारोह को आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। जिसको देखकर बच्चे एवं उपस्थित गणमान्य काफी आनंदित हुए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने सबका मन मोह लिया। स्वागत नृत्य, नायसा जैन ग्रुप, एक जिंदगी मेरी ...नृत्य परी ग्रुप, योगासन प्रदर्शन.. नमन जैन ग्रुप, ग्रेजुएशन सॉन्ग... स्वर्णा ग्रुप, प्रत्युष, जागृति ने कक्षा के अनुभव का वर्णन करते हुए अपना विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के गणमान्य निदेशक श्री अविनाश सेठ ने कहा कि आपके बच्चे छोटे हो या बड़े सभी माता-पिता से प्यार चाहते हैं। खासकर छोटे बच्चे को आप सिर्फ प्यार से ही कोई बात सीखा सकते हैं। इसलिए आप अपने कीमती समय में से कुछ पल निकाले जो सिर्फ आपके बच्चों के लिए ही हो तथा उन पलों में आप ये जानने की कोशिश करें कि आपका बच्चा आपसे क्या कहना चाहता है? उसके दिमाग में क्या चल रहा है? उसकी डेली लाइफ कैसे चल रही है उसमें कोई प्रॉब्लम तो नहीं है? उसे क्या पसंद है आप रोज थोड़ा समय निकालकर अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए यहां अच्छे योग्यता वाले शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं गतिविधि माइंड वाले शिक्षक शिक्षिकाएं हैं और बच्चे को सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। कल यही बच्चे पढ़कर अपने देश के कोने कोने में जा करके अपना उज्जवल प्रकाश फैल आएंगे। साथ ही साथ बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्या महोदया श्रीमती नीरजा ने बताईं कि दीक्षांत शब्द का उपयोग यह स्वीकार करने के लिए किया जाता है कि आपने अपनी प्री-प्राइमरी स्कूल की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है और बच्चों को आगे की अध्ययन कार्यक्रम को पूरा करने के लिए मंजूरी दे दी गई है। दीक्षांत समारोह से तात्पर्य उस व्यक्तिगत समारोह से है। जहां आपका परिचय पत्र, अनुभव प्रमाणपत्र आपको प्रस्तुत किया जाता है। इसमें छात्र का नाम और उनके द्वारा देखा गया पाठ्यक्रम शामिल होता है। साथ ही साथ एक बच्चे के अभिभावक दीपक कुमार जूनियर इंजीनियर ,मैकेनिकल पी.जी.,डी.वी.सी. ,के.टी.पी.एस, कोडरमा ने बताएं कि सभी अभिभावकों को बच्चे के साथ समय व्यतीत करना चाहिए। खेलकूद, व्यायाम आदि करने में उसे प्रोत्साहन करना चाहिए और स्कूल के दिनचर्या के बारे में रोज पूछना चाहिए ताकि उसका चहुमुखी विकास हो। बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक कक्षा के दिनचर्या पूछकर अपनी भूमिका निभा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं शिक्षिकाओं द्वारा सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों के नाम बेहतरीन उपस्तिथि प्रदर्शन में प्रतिष्ठा सिंह ,कर्मन सिंह छाबरा, स्वर्णा सिंह, आराध्या कुमारी हैं।




# 9 को कांग्रेस मनाएगी 'आदिवासी गौरव पर्व'



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में सिमडेगा परिसदन में शनिवार को बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बताया गया कि आगामी 9 अगस्त को केंद्रीय कांग्रेस के निर्देश पर सिमडेगा जिले में ₹आदिवासी गौरव पर्व₹ का आयोजन किया जाएगा जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी समुदाय के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती है साथ ही पिछले 9 वर्षों से भाजपा शासन में उनके अधिकार और पहचान को मिटाने की जो कार्य किया गया है जिस पर आदिवासियों का संघर्ष है उस पर सहयोग देना चाहती है ।उन्होंने कहा कि हम सभी गवाह है कि वर्तमान भाजपा सरकार आदिवासी समुदाय को अपमानित एवं प्रताड़ित करने का काम कर रही है उनके वैद्य अधिकारों को वंचित कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासियों की आवाज बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में राहुल गांधी के समावेशी दृष्टिकोण के साथ 9 अगस्त 2023 को आदिवासी गौरव पर्व का आयोजन किया जाएगा इस दिन श्रद्धांजलि समारोह, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, संरक्षण प्रतिमा आदिवासी के प्रति भाजपा प्रताड़ना अत्याचार एवं नीतिगत विफलताओं को उजागर करते हुए आदिवासियों के प्रति समानता एवं न्याय के लिए अपनी प्रतिबद्धता को संकल्प लेना, सामुदायिक रात्रि भोजन एवं मशाल मार्च का आयोजन किया जाएगा।मौके पर प्रदेश सचिव नोमिता बा , कौशल किशोर रोहिल्ला, जोनसन मिंज अजित लकड़ा जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, शिशिर मिंज, फ्रंसिस बिलुंग, देवनिष खलखो ,कृष्णा नाग, सिल्वेस्टर बघवार,रावेल लकड़ा,अनूप लकड़ा, विरंजन बड़ा,नवीन वीरेंद्र तिर्की, मो अशफाक ,मो सम्मिउल्लाह , शीला देवी, सुलभ नेल्सन डांग,,सोनू नायक, भूषण राम, जयवंत बारला, खुसी राम,बिजय किंडो ,सुनील सुरीन, मो रहीम खान उपस्थित थे ।

# जिप बोर्ड की बैठक में कई मुद्दे पर बातचीत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिषद सभागार कक्ष में जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन की अध्यक्षता में जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न हुई जिसमें पेयजल, पशुपालन ,बिजली, कृषि, आपूर्ति, भूमि, वन, और मत्स्य विभाग पदाधिकरी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई ।स्वास्थ्य विभाग से नहीं पहुंचे कोई पदाधिकारी ।सभी विभाग ने अपने विभाग की जानकारी दी जिसमें पेयजल विभाग द्वारा पेयजल से संबंधित समस्या एक माह के अंदर दुरुस्त करने की बात कही गई वही पशुपालन विभाग के द्वारा गाय बकरी पत्रक वितरण से संबंधित जानकारी दी गई वहीं पशुधन वितरण से पहले पशु को टीका और देखरेख करने के बाद लोगों के बीच बांटने की बात कही वहीं बिजली विभाग ने बताया हमारे यहां से ट्रांसफार्मर जल्द जहां कमी हो उसे पूरा कर लिया जाएगा और जहां 25 केवीए ट्रांसफार्मर है वहां 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा साथ ही बताया गया पोल भी विभाग के पास आ चुकी है और जहा भी पोल की कमी होगी उस क्षेत्र में पोल भेजकर बिजली कार्य को पूरा कर लिया जाएगा वहीं कृषि विभाग के द्वारा बतलाया गया बीज का वितरण संपन्न हो चुका है और वर्षा से संबंधित रिपोर्ट सभी प्रखंडों से मंगाकर राज्य में भेजा जाएगा जिससे यदि यहां सुखाड़ की स्थिति बनती है तो कृषि कृषक को लाभ मिल सके।

पीएम स्वनिधि समृद्धि योजना के तहत

# एसबीआई ने 233 दुकानदारों को दिया 23 लाख राशि का प्रमाण-पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** पी एम स्वनिधि समृद्धि योजनामैं गरीब वर्ग को रोजगार के लिए को प्रोत्साहित करनेके लिए सब्जी, फल, फास्ट फूड सहित छोटे छोटे व्यापारियों के लिए जिले भर के233 लाभुकों के बीच 23 लाख का राशि क प्रमाण पत्र भारतीय स्टेट बैंक की झुमरीतिलैया, कोडरमा, डोमचांच शाखा मैं नगर परिषद झुमरी तिलैया कोडरमा नगर पंचायत डोमचांच नगर पंचायत से चयनित लाभुकों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस माह यूएलबी के द्वारा चयनित अधिक से अधिक लाभुकों को 10 हजार 20 हजार और 50 हजार राशि कैंप लगाकर दी जाएगी इधर शनिवार को झुमरी तिलैया एसबीआई के शाखा में पहुंची गिरिडीह अंचल की क्षेत्रीय प्रबंधक भावना पंकज ने शाखा परिसर में 136 स्टेट बैंक के द्वारा बिना गारंटी के लोन का प्रमाण पत्र दिया। इसमें 136 लाभुकों के बीच 13 लाख 60 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई । जो कि उनके खातों में राशि भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि वैसे लाभुक जो अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहते हैं उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि जो लाभुक 10 हजार 20 हजार और 50 हजार की राशि को समय पर वापस उपलब्ध करा देते हैं उन्हें मुद्रा योजना का भी लाभ मिलेगा वैसे लाभुक जो ऋण लिए हैं समय पर चुकता करते हैंतो उन्हें मुद्रा लोन में सब्सिडी भी मिलती है आर एम भावना पंकज ने कहा कि पीएम निधि योजना के लाभुकों को क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि डिजिटल लेनदेन के फायदे के साथ साथ नियमित राशि की वापसी वह बैंक से जुड़ाव का भी लाभ मिल सकेगा उन्होंने पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना सहित कई योजनाओंके बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। वही मुख्य प्रबंधक ऋण गिरिडीह विनय कुमार एवं एसबीआई मुख्य प्रबंधक अमर कुमार सिंह कहा कि जिन्हें ऋण नहीं मिला है उन्हें अपने बैंक खाता को आधार से लिंक कराने का सुझाव दिया एवं यूएलबी मैं आवेदन भरने की बात कही कहा कि कारोबार के लिए बिना गारंटी के लोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं गरीबों के लिए सरकार की यह बेहतरीन योजना है । मौके परएसबीआई के सहायक संबंध प्रबंधक सुबोध कुमार खूबी लालराम सीमा सरावगी मेघा लकड़ा ,सतीशपूर्ति रवि हेंब्रम कन्हैया सिंह वीरेंद्र राम सीआरपी रीना भदानी मीना देवी रिंकू देवी राजीव गौरव उषा देवी सविता देवी सहित कई ग्राहक उपस्थित थे।

सहोदया अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता

# कोडरमा ग्रिजली स्कूल को मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में कोडरमा सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के तत्वाधान में अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के मुख्य अभियंता सह जनरल मैनेजर दिलीप कुमार सिंह शामिल हुए। मुख्य अतिथि का स्वागत ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने पौधा देकर किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा उपस्तिथ सहोदया काम्प्लेक्स के विद्यालयों के निदेशकों तथा प्राचार्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया गया। अपने स्वागत सम्बोधन में ग्रिजली विद्यालय की प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने कहा की ने यह प्रतियोगिता उन छात्रों को एक मंच प्रदान करती है, जो अपनी बोलचाल क्षमता, विचारधारा, और विद्या के प्रति अवगत होते हैं। छात्रों को विभिन्न विषयों पर आलोचनात्मक विचार-विमर्श करने का मौका मिलता है, जिससे उन्हें लोगों के साथ अच्छी तरह से बातचीत करने की क्षमता विकसित होती है। वही मुख्य अतिथि दिलीप कुमार सिंह ने कहा की इस प्रकार के आयोजन छात्र-छात्राओं के अधिक विकास और संपर्क को बढ़ाने का एक अच्छा मौका साबित हो रहा है।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति के कार्यवाही जिला अध्यक्ष बने सोनू नायक

**सिमडेगा।** अनुसूचित जाति जिला कांग्रेस कमेटी का नया कार्यवाही अध्यक्ष सोनू नायक को झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति के अध्यक्ष केदार पासवान ने मनोनीत किया है। इनके नियुक्ति से सिमडेगा कांग्रेस परिवार काफी हर्ष के साथ कहा है कि सोनू नायक के बनने से कांग्रेस को मजबूती प्रदान होगी। इनको बधाई जिला के माननीय दोनों विधायक भूषण बाड़ा नमन बिक्सल कौनगाड़ी , अध्यक्ष डेविड तिर्की , जिला अध्यक्ष के अलावे यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश सिंह, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सीमा सीता एकका, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सरताज खान, के अलावे 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मींज, जिला उपाध्यक्ष शमी आलम आदि शामिल हैं।

# सिम विक्रेताओं के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के मोबाइल सिम विक्रेताओं के साथ शनिवार को कुरडेग थाना में बैठक हुई । बैठक में उपस्थित सिम विक्रेताओं को थाना प्रभारी मनीष कुमार ने मोबाइल सिम के माध्यम से होने वाले अपराधों के संवंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी क्रिमीनल ब्यक्ति क्राइम करने से पहले जाली आईडी पर सिम कार्ड खरीदता है जिसे ट्रेस करने में पुलिस को काफी परेशानी होती है आज जिस तरह मोबाइल फोन से असमाजिक तत्वों द्वारा धमकी दी जा रही है उसे देखते हुए आप लोग सिम बेचने से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर सही ब्यक्ति को ही सिम दें सिम के दुरूपयोग पर रोक लगाने में सिम विक्रेताओं की अहम भुमिका होती है उन्होने नाबालिग , बृद्ध और संदिग्ध लोगों को सिम नहीं बेचने और दुकानों में सीसीटीवी लगाने का सुझाव दिये ।

## जोराम कुम्हारटोली में बारिश से 2 लोगों का गिरा घर, संदेश एक्का ने दिए मदद के आश्वासन



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के जो राम कुमार टोली गांव में लगातार तीन दिनों तक हुए बारिश की वजह से सुनीता केरकेट्टा एवं चिंटू टोप्पो नामक दो लोगों का घर ध्वस्त हो गया । इधर ध्वस्त होने की वजह से उन्हें रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बारिश के दिनों में परिवार के साथ साथ उन्हें भी काफी दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है ।जिसकी जानकारी झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही दोनों ही परिवार से मुलाकात करने के लिए संदेश एक्का पहुंचे जहां पर उन्होंने उनका हालचाल लिया और कहा कि जल्द ही इस मामले में पहल की जाएगी उन्होंने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करते हुए मदद देने की बात कही जिस पर बताया गया कि उन्हें अंबेडकर आवास दी जाएगी ताकि वह लोग पक्का मकान में रह सकेंगे। उन्होंने कहा है कि लगातार क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों की परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है और आगे भी झारखंड पार्टी इसी प्रकार जमीन से जुड़कर काम करेगी ।मौके पर रवि बड़ाईक,शहनवाज,सुनीता केरकेट्टा, राजू प्राधन, रसाल खलखो, अंकित सुरीन मौजूद रहे।

## युवती के मौत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र निवासी अजय झा की पुत्री प्रियंका झा के मौत के मामले में परिजनों ने दो युवकों पर मामला दर्ज करवाया है। मृतक युवती प्रियंका झा के भाई प्रिंस झा ने थाना में आवेदन देकर केतूंगा निवासी बादल होता और बिहार के बरौनी निवासी सुशांत मिश्रा को अपनी बहन के मौत के लिए जिम्मेवार बताया है। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों के कारण ही उनकी बहन मानसिक दबाव में थी और मानसिक दबाव में ही कोलेबिरा डैम में आत्महत्या कर ली। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस ने प्रिंस के आवेदन पर कांड संख्या 52 / 23 में आईपीसी की धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

संदेश

## किड्जी स्कूल के बच्चों ने धूमधाम से मनाया फ्रेंडशिप डे

# पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का लिया संकल्प

### मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी : ब्यूटी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** बिशुनपुर रोड स्थित किड्जी स्कूल के कक्षा एक से कक्षा दस तक के बच्चों ने शनिवार को काफी धूम-धाम से फ्रेण्डशिप डे मनाया। इस अवसर पर किड्जी स्कूल के कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों ने डायरेक्टर ब्यूटी सिंह के साथ पेड़ पौधों को हैंड मेड रक्षा सूत्र बांध कर पेड़ पौधों के प्रति अपने लगाव का इजहार किया। साथ ही पेड़ पौधों की रक्षा करने और धरा पर हरियाली लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल ने कहा कि वृक्ष लगाने के साथ-साथ उसकी रक्षा करना भी बड़ी जिम्मेदारी है। जैसे छोटे-छोटे बच्चों का लालन पालन कर उन्हें बड़ा किया जाता है ।उसी प्रकार वृक्ष भी लगाने के साथ उसकी देख-रेख करनी पड़ती है। तभी उसकी रक्षा हो सकती है और अगर वृक्ष बड़े नहीं होगे तो वे पर्यावरण को बैलेंस करने में हमारी मदद कैसे करेंगे। मित्रता दिवस के उपलक्ष पर उन्होंने ने कहा कि दोस्ती कृष्ण और सुदामा की जैसी होनी चाहिए। भारत में कृष्ण और सुदामा की सबसे प्रसिद्ध मित्रता थी जो प्राचीन समय से ही सच्ची मित्रता का महान उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मित्रता सदैव इमानदारी के साथ करना चाहिए जो सदैव हमारे साथ सुख दुख में भी व्यवहार अच्छे से करें और हमें प्रेरित करें ।मित्र सभी आकारों और आकारों में आते हैं। वे कोई ऐसे व्यक्ति हो सकते हैं जिनसे हम बचपन में मिले थे, स्कूल में कोई सहपाठी, कोई ऐसा व्यक्ति जिससे हम काम पर या अन्य दोस्तों के माध्यम से मिले थे। वे ऐसे मित्र हो सकते हैं जो किसी दूसरे देश में कुछ दूरी पर रहते हों या हमारे द्वारा ऑनलाइन बनाए गए आभासी मित्र हो सकते हैं। प्राचार्य विशाल सिंह ने छात्रों को बताया कि मित्रता दो लोगों के बीच एक समर्पित सम्बन्ध है और फ्रेंडशिप डे की बहुत शुभकामनाएं दीं। यह असीम रिश्ता है, जो हमेशा बिना किसी लेन-देन के नियम के चलता है। यह संसार में अन्य किसी व्यक्ति के साथ प्यार और स्नेह का विशेष और अद्वितीय रिश्ता है। इस अवसर पर छात्रों ने अपने मित्रों को लेकर चर्चा की विभिन्न खेल खेले। छात्रों ने अपने मित्रों के लिए फ्रेंडशिप बैंड, कार्ड आदि बनाये और अपने मित्रों के लिए सन्देश भी लिखा तथा एक दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर अपना प्रेम प्रकट किया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों में संस्कार लकी,



विमान, रिमझिम, आर्यन ,अमृत, केसर, अनिमेष, रंजन,आयुष, कृतिका, जोया, इत्यादि रहे। वही शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में, बबीता सिंह, प्रिय मोदी, निकिता सिंह , पम्मी सिन्हा, नरगिस नाज, अंकित कपसीमे, अखिलेश सर, सूरज सर, प्रिया बरनवाल, सृष्टि मैम ,नीतू सिन्हा, अमृता कुमारी, रिंपा सिंह ,नीता कुमारी, जूली मैम ,मासूम कुमारी, अर्चना कुमारी, माधुरी मैम इत्यादि मौजूद थे।

## जिला सचिव और प्रखंड अध्यक्ष पर फर्जी केस के विरोध में

# भीम आर्मी एकता मिशन ने निकाली रैली

### एसडीपीओ को सौंपा ज्ञापन





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार की अध्यक्षता में भीम आर्मी सेना ने जनाक्रोश रैली निकाली. जो प्रखंड मैदान से प्रारंभ होकर बरही थाना में एसडीपीओ को ज्ञापन देने के पश्चात समाप्त हुआ. यह रैली संगठन के जिला सचिव राहुल अंबेदकर और प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव पर हुए प्राथमिकी के विरोध निकाला गया था. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव लक्ष्मण रवि, बिरेंद्र कुमार, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दास, प्रदेश संगठन सचिव रुपेश कुमार दास, शंकर दास, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभुनाथ बौद्ध, रामगढ़ जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, कोडरमा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, चतरा जिलाध्यक्ष आफताब अंसारी, धनबाद जिलाध्यक्ष लोकेश रवि, बोकारो जिलाध्यक्ष गोवर्धन रविदास लोहरदगा जिलाध्यक्ष राकेश रविदास सहित हजारीबाग जिलाध्यक्ष, वरीय सचिव बिरजू कुमार रवि, मीडिया उपाध्यक्ष शिवा तुरी, प्रवक्ता रोहित रविदास, मीडिया प्रभारी बादल बौद्ध, महासचिव सुजीत कुमार दास, महेश रंजन इत्यादि शामिल रहे. रैली प्रखंड परिसर से निकलकर थाना परिसर पहुंचा. जहां प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूद एसडीपीओ नाजिर अख्तर से मामले को फर्जी बताते हुए इसे शीघ्र खारिज करने की मांग किया. साथ ही महिला और उनके समर्थकों द्वारा जिला सचिव के घर पर किए गए पथराव और जमीन की चहारदीवारी तोड़ने वालो पर अतिशीघ्र करवाई करने की मांग किया. वही जिलाध्यक्ष ने बताया की भीम आर्मी एकता मिशन के लोगो पर प्रशासन का हमेशा डंडा चलता है. निर्दोष को फंसाने का काम किया गया है, इसे बंद किया जाए. उन्होंने बीते दिन हाजत में मरने वाले असफाक के परिजनों को अब तक प्राथमिकी की प्रति नही दिए जाने पर भी असंतोष जताया. अंत में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में अपने मांगों के समर्थन में जिलाध्यक्ष एसडीपीओ को एक सप्ताह के अंदर मामले को निष्पादित करने हेतु ज्ञापन सौंपा. एसडीपीओ ने मामले को पूरी निष्ठता के साथ मामले का अनुसंधान करते हुए उचित कारवाई का आश्वासन दिया. मौके पर एआईएमआईएम के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज कुमार दास, भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष, सहित पूर्वी अध्यक्ष अनुज कुमार, करसो पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार, गुलाब कुमार दास, गुड्डू कुमार, बिरेंद्र कुमार रविदास, उमेश कुमार दास, संगीता देवी, सोनी देवी, मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद थे.

# दुष्कर्मियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर एकजुट हुए ग्रामीण, की बैठक



**बरही ।** बीते दिन महिला कांड संख्या 12/23 के दुष्कर्मियों को एक सप्ताह बाद अब तक गिरफ्तार नही किए जाने से धनवार के ग्रामीण रोषित है. शनिवार को मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बडदाग गांव में एक बैठक किया गया. जिसमे भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद हुए. सबों ने एक सप्ताह बाद भी दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर बरही पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया. साथ ही पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया. धनवार मुखिया ने कहा कि आवेदन दिए जाने के सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है. पुलिस प्रशासन पर दबाव में कार्य करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होती है तो ग्रामीणों के साथ बरही थाना पहुंचकर उग्र आंदोलन किया जाएगा. विदित हो कि धनवार की पीड़िता के आवेदन पर महिला थाना में दुष्कर्म करने का प्रयास एवं मारपीट के संबंध में धनवार के ही दो युवक राहुल अंबेदकर उर्फ रामू रविदास और लक्ष्मण रविदास के ऊपर दुष्कर्म का प्रयास एवं जान से मारने को लेकर 30 जुलाई मामला दर्ज किया गया था. बैठक में उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, विनोद कुशवाहा, नरेश कुमार, गुलाम सरवर, चन्दन केसरी, कमलेश कुशवाहा, संजय केसरी, भीम केसर, कैलाश केसरी, संतोष प्रजापति, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव, केसो यादव, सकलदेव यादव, रामसहाय यादव, मनोज यादव, रंजन यादव, कपिलदेव यादव, राजदेव यादव, उमेश यादव, मनोज केशरी, राजेश केशरी, कृष्णा केशरी, शंकर केशरी, संजय केशरी, सुरेश ठाकुर, लक्ष्मण कुशवाहा, दिलीप केशरी, विनय केशरी, प्रदीप केशरी, प्रकाश सिंह, टुकलाल राणा, छत्रधारी साव, इंद्रदेव यादव, सीताराम साव, जागेश्वर साव, रमेश केशरी, राजेश कुमार, विनय कुमार, महेंद्र कुमार, संदीप कुमार, विनोद कुमार, पवन कुमार, मंटू कुमार, मनोज कुमार, सोनू कुमार, अजीत कुमार, देवनाथ सिंह, महेश सिंह, अर्जुन सिंह, अशोक सिंह, दिनेश सिंह, अरूण सिंह, बाबूलाल सिंह, सहदेव सिंह, पूरण सिंह, निर्मल कुमार, राजेश सिंह, अरविन्द सिंह, रामजी भुईया, बुधन भुइयां, गुड़ा भुईयां, होरियल भुईयां, सुनील सिंह, बसंत प्रसाद, लालजीत सिंह,परमेश्वर सिंह, कुलदीप सिंह, कमल सिंह, बसंत प्रसाद, दिनेश सिंह, पप्पू सिंह, राजकुमार प्रसाद, लक्ष्मी देवी, शनिचरी देवी, कुंती देवी, सीता देवी, भुनेश्वरी देवी, लीला देवी, बालेश्वरी देवी, सबीया देवी, सुरजी देवी, गौरा देवी, समरी देवी, विमला देवी, मोहनी देवी, रेखा देवी, सीमा देवी, कंचन देवी, भटनी देवी, कर्मी देवी, चमेली देवी, समुद्री देवी, मुद्रिका देवी, मुंद्रिका देवी, सुदामा देवी आदि मौजूद थी.

### बरही थाने में फर्जी मामले दर्ज को लेकर एसडीपीओ से खारिज करने की मांग



**बरही।** बरियठ्ठा निवासी उमेश कुमार यादव ने एसडीपीओ बरही को बरही थाना में फर्जी मामले दर्ज होने को लेकर एसडीपीओ को आवेदन दिया है. आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरे पैतृक जमीन खाता नंबर 1 प्लॉट नंबर 690 रकबा के 20 डिसमिल जमीन के हरिलाल यादव आदि ने अपना जमीन बताकर हथियाने का प्रयास किया गया. जिसे गांववालो की उपस्थिती रोकने का प्रयास किया गया. जमीन के कागजात भी दिखाए गए. जिसे फर्जी बताकर जबरदस्ती किया गया. इतना ही नहीं जमीनी मामले को छिपाते हुए उक्त लोगो ने मेरे विरुद्ध बरही थाना में चोरी, छिनतई इत्यादि का मामला भी दर्ज करवा दिया गया है. उन्होंने एसडीपीओ से मामले की छानबीन करते हुए उचित करवाई और मामले को खारिज करने की मांग की है.

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। जिसके उपरांत उन्होंने वर्तमान में प्राकृतिक आपदाओं जैसे वज्रपात, अतिवृष्टि से मकान क्षति, जंगली जानवरों से झड़प, सड़क दुर्घटना में मृत्यु सहित अन्य आपदाओं में अस्वाभाविक रूप से मृत्यु होने के उपरांत आश्रितों/पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त सूची पर उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आश्रितों एवं पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### हजारीबाग : केरेडारी पुलिस ने पांच फरार आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार



**हजारीबाग।** इन दिनों फरार चल रहे आरोपियों के घर केरेडारी पुलिस लगातार इश्तेहार चिपका रही है. इस दौरान शनिवार को भी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पांच फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया गया. बुंडू के वारंटी बबलू यादव, जॉनसन गंझू उर्फ चंदर गंझू, राजन गंझू, नारायण कुमार मुंडा और लोहरसा के जागेश्वर गंझू के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया. सभी अभियुक्त काफी दिनों से फरार हैं. इस संबंध में थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने कहा कि सभी आरोपी केरेडारी थाना या न्यायालय में समर्पण करें. ऐसा नहीं करने पर घर की कुर्की जब्ती की जाएगी.

# राधा गोविंद विवि. में वन स्टूडेंट वन ट्री कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विवि. के परिसर में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित प्लांटेशन ड्राइव वन स्टूडेंट वन ट्री अभियान 2023 के तहत विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलाधिपति बी एन साह के शुभकामना संदेश के साथ की गई। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को किसी भी महत्वपूर्ण तिथियों के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही, पौधों की देखभाल करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ पर्यावरण एवं जलवायु प्राप्त हो सके। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज के प्रदूषण भरे दौर में शुद्ध वायु के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आसपास अधिकाधिक पेड़ हो। साथ ही, उन्होंने पेड़ के महत्व पर विस्तृत चर्चा भी की। इसके बाद विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ जैसे स्लोगन का उद्घोष करते हुए पौधारोपण किया। मौके पर कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, विश्वविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रवीन्द्र कुमार सहित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं व्याख्यातागण मौजूद रहे।

### 4 बंद पड़े खदानों में मछली पालन शुरू करने का मिला निर्देश

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई. जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने डीसी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बंद पड़े खदानों एवं खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के मद्देनजर तैयार की गई परियोजना की जानकारी दी. जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि जिले के मांडू प्रखंड के आरा क्षेत्र में कुजू मत्स्य जीवी सहयोग समिति के द्वारा बंद खदान नंबर 8 में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है, जिससे समिति को काफी फायदा हुआ है. इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 4 बंद पड़े खदानों को चिन्हित कर मत्स्य पालन का कार्य किया जाना है. उन्होंने बताया कि 4 बंद पड़े खदानों में आरा कोलपिट नंबर 8, आरा कोलपीट नंबर 14, सयाल कोलपिट एवं सौंदा डी कोलपिट में 2 मत्स्य जीवी समितियों के कुल 8 समूहों के द्वारा मछली पालन का कार्य किया जाएगा. परियोजना के माध्यम से लगभग 250 लोगों को रोजगार मिलेगा. बैठक के दौरान डीसी ने संबंधित खनन क्षेत्र के सीसीएल अधिकारियों के साथ उपरोक्त खदानों में मछली पालन का कार्य शुरू करने को लेकर चर्चा की.

# हजारीबाग में सरेआम दिनदहाड़े युवक ने बरसाई गोलियां, फरार

## दो दुकानदारों पर भी चलाई गई गोलियां, नहीं लग पाया निशाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में शनिवार को दिनदहाड़े आबादीवाले इलाके इमलीकोठी बीच चौक पर एक युवक ने धांय-धांय एक के बाद एक छह गोलियां चलाईं. फिल्मी स्टाइल में गोलियां एक युवक को लक्ष्य कर दागते हुए वह दौड़ भी रहा था. बड़कागांव के बादम के युवक राजेश कुमार पर गोलियां दागी जा रही थी. गोलियां चलते देख इमलीकोठी चौक पर अफरातफरी मच गई. उस वक्त सभी दुकानें खुली हुई थीं और लोग पैदल और वाहनों से आ-जा रहे थे. युवक राजेश गोलियों से बचने के लिए वहां पास की एक सीमेंट दुकान में घुस गया. गोली चला रहा युवक इतने गुस्से में था कि वह सीमेंट दुकानदार पर भी गोली चला दी. बगल में मेडिकल दुकान के संचालक भी गोलियों की आवाज सुनकर जैसे ही बाहर आए सिरफिरे युवक ने उनको भी निशाने पर ले गोलियां दाग दीं. लेकिन किसी को गोलियां नहीं लगीं और तीनों सुरक्षित बच गए. पिस्तौल खाली होने के बाद सिरफिरा युवक बाइक से फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना दिन के करीब 1.20 बजे की है. एक युवक अपनी बाइक से बड़कागांव रोड की ओर से दूसरे बाइक सवार का पीछा करते हुए तेजी से आ रहा था. चौक पर दोनों युवकों ने बाइक रोक दी. फिर पीछे से आ रहे सिरफिरे युवक ने पिस्तौल निकालकर गोलियां दागनी शुरू कर दी. आगे वाला युवक सीमेंट दुकान में छिप गया. कुछ लोगों ने मोबाइल से पिस्तौल लहराते और गोलियां दागते युवक की वीडियो और फोटो भी बना ली. साथ ही उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया.

### फायरिंग करने वाला फरार, दूसरे युवक से पूछताछ : थाना प्रभारी

इस संबंध में बड़ा बाजार थाना प्रभारी घनश्याम सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. तब तक सरेआम गोलियां चलाने वाला सिरफिरा युवक फरार हो चुका था. वहीं दूसरे युवक राजेश को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है. राजेश की भी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है. वह आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है. शहरवासियों का कहना है कि हजारीबाग में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं.

# पूरे राज्य में अपराधियों का मनोबल चरम पर : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा ने 5 अगस्त को होटल शिवम इन में प्रेस वार्ता किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य की जेएमएम-कांग्रेस सरकार की विफलता के कारण रामगढ़ सहित राजयभर में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कहा की राज्य में आपराधिक घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। बताया की उन्होंने लोकसभा में भी झारखण्ड की कानून व्यवस्था का विषय उठाया है। कहा कि रामगढ़ जिला समेत पूरे राज्य में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। हत्या, दुष्कर्म, चोरी व लूटपाट जैसी घटनाएं राज्य में आम बात हो गयी हैं। रामगढ़ में बीते दिनों एक युवक को 25 बार चाकू मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी गयी। कहा ऐसे कई मामले हमारे सामने हैं। कहा की झारखण्ड में जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। जुलाई माह की बात करें तो रामगढ़ में अपराधियों को पकड़ने गयी एटीएस की टीम पर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें एटीएस के डीएसपी समेत रजरप्पा थाने के दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना ने झारखण्ड कि छवि राष्ट्रीय स्तर पर कमजोर की है। देश यह देख रहा है कि जिस राज्य में पुलिस सुरक्षित नहीं है तो वहां जनता का क्या हाल होगा। कहा की एनसीआरबी की क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार झारखण्ड में हत्या की दर देश में सबसे अधिक 4.1 प्रतिशत है। झारखण्ड पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध अपराध के ताजा आंकड़े और ऊी निराशाजनक स्थिति दशार्ते हैं। जनवरी से मई 2023 के बीच राज्य में संगीन अपराध के लगभग 26,500 मामले दर्ज किये गए हैं। इसके अनुसार राज्य में हत्या और अपहरण जैसे गंभीर अपराध के लगभग 175 मामले हर दिन दर्ज किये जा रहे हैं। ये आंकड़ें बेहद चिंताजनक और गंभीर हैं। यह दशार्ते हैं कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने में असमर्थ है। सांसद श्री सिन्हा ने कहा की डीएमएफटी फंड में अब बदलाव हुआ है और शिक्षण संस्थाओं में कॉलेज भी शामिल हैं। जिन्हें इसका लाभ मिल सकेगा। कहा की रामगढ़ में इससे रामगढ़ कॉलेज, पीटीपीएस कॉलेज, जुबली कॉलेज आदि को लाभ होगा। बताया की डीएमएफ टी फंड से हुए कार्यों और खर्च को अब वेबसाइट में डाला जाएगा। ताकि इसमें पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहे। प्रेस वार्ता में प्रकाश मिश्रा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, नारायण चंद्र भौमिक, राजू चतुर्वेदी, सत्यजीत चौधरी सहित अन्य मौजूद थे ।

**प्रशिक्षण** सिख रेजिमेंटल सेंटर में 520 अग्निवीरों के पहले बैच का पासिंग आउट परेड

# देश की सुरक्षा में योगदान देने में सक्षम : पीजीके मेनन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख रेजिमेंटल सेंटर में 520 अग्निवीरों के पहले बैच की उत्कृष्ट पासिंग आउट परेड का समापन किया गया. ये अग्निवीरों ने रेजिमेंटल सेंटर में अपना कठोर प्रशिक्षण पूरा कर लिया है. उन्होंने रेजिमेंट के आदर्श वाक्य 'निश्चय कर अपनी जीत करूं' को साझा किया है और मजबूत, कुशल और लचीले सैनिक बने. ये सैनिक साहस, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ देश की सेवा करने के लिए तैयार हैं. प्रतिष्ठित हरबख्श ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित समारोह में ड्रिल, अनुशासन और व्यावसायिकता का प्रेरक प्रदर्शन किया गया, जो प्रत्येक अग्निवीर में उनकी प्रशिक्षण यात्रा के दौरान पैदा किए गए मूल मूल्यों को दशार्ता है. अग्निवीरों के परिवार के सदस्य, प्रशिक्षक संकाय और रामगढ़ जिले के सम्मानित अतिथि इस महत्वपूर्ण अवसर के गवाह बने. मौके पर अग्निवीरों की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सराहना की गई. प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों और अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में अग्निवीरों ने हथियार, सामरिक प्रशिक्षण, नेतृत्व और नैतिकता सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल को निखारा है. उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी अदम्य भावना निःसंदेह उन्हें भारतीय सेना के बेहतरीन प्रतिनिधियों के रूप में अलग करती है. परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन, यूवाईएसएम, एवीएसएम, सैन्य सचिव और सिख रेजिमेंट के कर्नल ने की. इस दौरान राष्ट्र के भावी सैनिकों को तैयार करने में रेजिमेंटल सेंटर के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि रंगरूटों से प्रशिक्षित सैनिकों तक की उनकी यात्रा उनके समर्पण और हमारे महान राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा के लिए असाधारण सैनिकों को तैयार करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है. जैसे ही वे अपने संबंधित कार्य पर आगे बढ़ेंगे, अग्निवीर अपने साथ सम्मान, अखंडता और वीरता के मूल्यों को लेकर चलेंगे, जिन्हें उन्होंने अपने पूरे प्रशिक्षण के दौरान आत्मसात किया है. जबकि मीडिया से बातचीत करते हुए, सिख रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर शैलेश सती ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि ये अग्निवीर भारतीय सेना और सिख रेजिमेंट की गौरवशाली विरासत को बनाए रखेंगे. उन्हें विश्वास था कि उन्हें दिया गया प्रशिक्षण उन्हें अपनी-अपनी इकाइयों में शामिल होने पर सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने और देश की सुरक्षा में योगदान देने में सक्षम बनाएगा.

